आकाशवाणी
समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.06.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- देशभर में आज से 'खेत बचाओ अभियान' शुरू होगा। किसानों को मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती और कृषि भूमि संरक्षण के प्रति किया जाएगा जागरूक।
- मसूरी स्थित भारत–तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड के साथ 133 नए अधिकारी आई.टी.बी.पी में शामिल हुए, राष्ट्र सेवा और सीमा सुरक्षा की ली शपथ।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनमार्क पोर्टल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की टीम तैनात की।
- **और,** आईपीएल फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

**<u>खेत बचाओ अभियान</u>**

देशभर में आज से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' शुरु होगा। इसका राष्ट्रीय शुभारंभ मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से किया जाएगा।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे किसानों और खेती के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान बताया है। अभियान के तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और नकली खाद–बीज की पहचान जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा। अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र, आईसीएआर संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय तथा केंद्र और राज्य सरकारों के कृषि विभाग भाग लेंगे।

वहीं, 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ आज देहरादून के सहसपुर स्थित ढाकी क्षेत्र से किया जाएगा। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि एक जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से किसानों में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसानों, कृषि विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों के साथ संवाद कर कृषि भूमि संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और कृषि क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' का उद्देश्य कृषि भूमि संरक्षण के साथ–साथ किसानों के सम्मान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना भी है।

## पासिंग आउट परेड

मसूरी स्थित आईटीबीपी अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड के साथ 133 नए अधिकारी बल में शामिल हो गए। 50 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अधिकारियों ने राष्ट्र सेवा और सीमा सुरक्षा की शपथ ली।

समारोह में देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों को आईटीबीपी की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए पूरी निष्ठा के साथ देश सेवा करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी देश की सीमाओं की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आईटीबीपी के इस बैच में डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य उच्च शिक्षित युवा शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें युद्ध कौशल, शस्त्र संचालन, आपदा प्रबंधन, मानवाधिकार, सैन्य प्रशासन और नेतृत्व क्षमता से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं नव नियुक्त अधिकारियों ने कहा कि वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ देश सेवा के लिए तैयार हैं।

## नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन

चमोली जिले की सीमांत नीति घाटी में कल 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना और आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में देश के 28 राज्यों से आए 933 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

आयोजन के पहले दिन कल रिमखिम–नीति–मलारी के बीच 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 117 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं मलारी–नीति–मलारी 42 किलोमीटर अल्ट्रा रन में 118 प्रतिभागी शामिल हुए।

इस तीन दिवसीय आयोजन में आज और कल 5, 10 और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समापन अवसर पर गमसाली से मलारी के बीच 30 किलोमीटर एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनमार्क पोर्टल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की है। बोर्ड ने कहा है कि वह अपने सेवा प्रदाता के ऑनमार्क पोर्टल में पाई गई खामियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिन्हें हाल ही में सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में बोर्ड ने बताया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का एक दल पिछले कुछ

दिनों से इन प्रणालियों को मजबूत करने और पोर्टल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहा है। बोर्ड ने बताया कि पहचानी गई खामियों को दूर कर लिया गया है।

**आईपीएल फाइनल**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कल रात खेले गए आईपीएल के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। बेंगलुरु की ओर से रसिख सलाम डार ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने दो–दो विकेट हासिल किए।

जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 ओवर में पांच विकेट खोकर 161 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 42 गेंदों में नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेली। गुजरात की ओर से राशिद खान ने दो विकेट लिए। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सीजन के अंत में वैभव सूर्यवंशी को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप भी जीती और सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बने। कगिसो रबाडा ने 29 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की।

**तैयारियां**

आगामी मानसून को देखते हुए देहरादून जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। एक रिपोर्ट–

**जिलाधिकारी ने सड़क, विद्युत, पेयजल, सिंचाई, नगर निगम, पुलिस और अन्य विभागों को अपने स्तर पर टास्क फोर्स, कंट्रोल रूम और वार रूम स्थापित कर जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सड़कों पर संचालित प्राथमिकता वाली जनहित परियोजनाआं के कार्य 7 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजनाओं के पूरा होने के बाद संबंधित सड़कों की मरम्मत और पुनर्स्थापन का कार्य तत्काल शुरू करने को कहा।**

**उन्होंने अधिकारियों को नदी, नहरों और बरसाती नालों के चैनलाइजेशन कार्य शीघ्र पूरा करने, सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया दलों की निगरानी बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर वाटर पंप क साथ टास्क फोर्स तैनात करने को भी कहा गया।**

**जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की नियमित निगरानी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया।**

**आका"ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से पंकज सनवाल खुल्बे**

**खोजबीन**

बागेश्वर जिले के पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक से लौटते समय लापता हुए पर्यटक की तलाश कल लगातार दूसरे दिन भी जारी है। पर्यटक की खोज के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर सर्विस, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक अजय साह ने बताया कि कठिन भूभाग और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए खोज अभियान में ड्रोन कैमरों की भी सहायता ली जा रही है।